Title: Need to introduce express train between Ahmedabad and Agra via Ajmer-Bandikui. − Laid.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : * अध्यक्ष महोद्य, कई वो की प्रतीक्षा के बाद राज्स्थान के बांदीकुई से आगरा फोर्ट तक की रेल लाइन के आमान परिवर्तन का कार्य अब पूरा हो गया है। आगरा फोर्ट बांदीकुई-भरतपुर-ज्यपुर-अजमेर-अहमदाबाद लाइन बनकर तैयार हो गयी है। ब्रॉडगेज बनने से पूर्व मीटर गेज पर अहमदाबाद-अजमेर-ज्यपुर-बांदीकुई-आगरा फोर्ट एक लोकल गाड़ी चलती थी, जो अत्यंत लोकप्रिय और जनोप्योगी थी। आगरा, मथुरा आदि ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों को अजमेर, ज्यपुर आदि ऐतिहासिक स्थानों का संबंध जोड़ने वाली यही एकमात्र गाड़ी थी। आमान परिवर्तन का कार्य शुरू होने के बाद यह गाड़ी बंद हो गयी , जिससे अहमदाबाद, महेसाणा आबूरोड, अजमेर, ज्यपुर आदि स्थानों से आगरा जाने के लिए बहुत चक्कर काटकर जाना पड़ता था, जिससे बहुत असुविधा होती थी। हजारों आने जाने वाले लोगों को इंतजार था कि कब आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण हो और आगरा फोर्ट गाडी चालू हो।

आमान परिवर्तन का कार्य पूरा होने के पश्चात भी इस साल के बजट में अहमदाबाद-अजमेर-ज्यपुर-आगरा फोर्ट गाडी चलाने का ऐलान नहीं किया गया है, केवल ज्यपुर से आगरा फोर्ट एक गाडी चलाना प्रस्तावित है।

मैं भारत सरकार से आग्रहपूर्वक अनुरोध करता हूं कि पर्यटन तथा तीर्थाटन को बढ़ावा देने, व्यापार एवं सामाजिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने तथा हजारों यात्रियों की उपलब्धता को दृटिगत रखते हुए ब्रॉडगेज पर अहमदाबाद से आगरा फोर्ट वाया मारवाड़, अजमेर, ज्यपुर, भरतपुर, बांदीकुई होकर अविलम्ब एक्सप्रेस गाड़ी चलायी जाये।

---

* Laid on the Table .